मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
MOHANLAL SUKHADIYA UNIVERSITY, UDAIPUR

क्रमांक :– एफ ( ) मो.सु.वि.वि. / 2017 / 79 दिनांक : 29-05-2017

समस्त प्राचार्य,
राजकीय / निजी महाविद्यालय / प्रशिक्षण महाविद्यालय / विधि महाविद्यालय,
बांसवाड़ा / डूंगरपुर / प्रतापगढ़।

विषय :– **शैक्षणिक सत्र 2017–18 की सम्बद्धता गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा से किये जाने बाबत्।**

प्रसंग :– **माननीय कुलपति महोदय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की अध्यक्षता में दिनांक 3–5–2017 को लिये गये निर्णय के क्रम में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग में लेख है कि दिनांक 3–5–2017 को माननीय कुलपति महोदय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर की अध्यक्षता में गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के साथ आयोजित बैठक में राज्य सरकार के निर्देशानुसार लिए गए निर्णय की अनुपालना में निम्नानुसार आदेशित किया जाता है :–

1. बांसवाड़ा/ डूंगरपुर/ प्रतापगढ़ जिलों में स्थित समस्त राजकीय महाविद्यालय / निजी महाविद्यालय /प्रशिक्षण महाविद्यालय / विधि महाविद्यालय की सम्बद्धता सत्र 2017–18 के लिये त्रिवर्षीय स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष / द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के पूर्वार्द्ध /द्विवर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष/ डिप्लोमा कोर्स / प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की सम्बद्धता गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा से रहेगी।
2. मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में जमा कराई सम्बद्धता शुल्क नियत मापदण्डानुसार गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा को हस्तान्तरित कर दी जायेगी।
3. सत्र 2017–18 के लिये त्रिवर्षीय स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष / तृतीय वर्ष / द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के उत्तरार्द्ध / द्विवर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष / प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष की सम्बद्धता मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर से रहेगी।
4. स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं में नवीन विषय/पाठ्यक्रम/डिप्लोमा कोर्स प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में निर्णय, स्वीकृति एवं सम्बद्धता का अधिकार गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा का रहेगा।

उपर्युक्तानुसार आपके महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में नवीन प्रवेश एवं सत्र 2017–18 की सम्बद्धता हेतु गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के कार्यालय में सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करावें।

भवदीय,

(हिम्मत सिंह भाटी)
कुलसचिव,
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय,
उदयपुर

प्रतिलिपि :– निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, एमएलएसयू उदयपुर/जीजीटीयू बांसवाड़ा।

कुलसचिव

Letter Work GGTU 2017 - 8